अंतरिक्ष विभाग
मांग संख्या 94
अंतरिक्ष विभाग

(₹ करोड़)

	वास्तविक 2018-2019			बजट 2019-2020			संशोधित 2019-2020			बजट 2020-2021		
	राजस्व	पूंजी	जोड़	राजस्व	पूंजी	जोड़	राजस्व	पूंजी	जोड़	राजस्व	पूंजी	जोड़
कुल	5660.02	5532.64	11192.66	5874.72	6598.54	12473.26	5874.72	7264.54	13139.26	5704.20	7775.27	13479.47
वसूलियां	-4.29	...	-4.29	...	...	...	...	...	...	...	...	...
प्राप्तियां	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...
निवल	5655.73	5532.64	11188.37	5874.72	6598.54	12473.26	5874.72	7264.54	13139.26	5704.20	7775.27	13479.47
क. वसूलियों को घटाने के बाद बजट आबंटन इस प्रकार है:												
केंद्र का व्यय												
केन्द्र का स्थापना व्यय												
1. सचिवालय	53.01	...	53.01	35.00	...	35.00	53.00	...	53.00	36.17	...	36.17
2. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मुख्यालय	152.74	295.88	448.62	158.00	174.00	332.00	160.02	60.46	220.48	151.70	42.30	194.00
जोड़-केन्द्र का स्थापना व्यय	**205.75**	**295.88**	**501.63**	**193.00**	**174.00**	**367.00**	**213.02**	**60.46**	**273.48**	**187.87**	**42.30**	**230.17**
केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमें/परियोजनाएं												
3. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी	3418.09	2964.73	6382.82	3594.93	4812.66	8407.59	3531.33	5459.80	8991.13	3393.51	6367.99	9761.50
4. अंतरिक्ष अनुप्रयोग	1015.93	795.54	1811.47	1107.55	777.90	1885.45	1076.14	786.63	1862.77	1097.80	712.20	1810.00
5. अंतरिक्ष विज्ञान	98.47	123.17	221.64	105.83	179.97	285.80	102.23	179.65	281.88	93.01	171.99	265.00
6. इन्सैट उपग्रह प्रणालियां	239.21	1353.32	1592.53	240.41	644.01	884.42	240.56	768.00	1008.56	269.71	480.79	750.50
जोड़-केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमें/परियोजनाएं	**4771.70**	**5236.76**	**10008.46**	**5048.72**	**6414.54**	**11463.26**	**4950.26**	**7194.08**	**12144.34**	**4854.03**	**7732.97**	**12587.00**
केंद्रीय क्षेत्र का अन्य व्यय												
स्वायत्त निकाय												
7. भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.एस.टी.)	81.21	...	81.21	80.00	...	80.00	90.00	...	90.00	90.00	...	90.00
8. सेमी कण्डक्टर प्रयोगशाला (एस.सी.एल.)	327.16	...	327.16	300.00	...	300.00	350.00	...	350.00	316.00	...	316.00
9. उत्तर-पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (एन.ई.-सैक)	39.98	...	39.98	40.00	...	40.00	34.00	...	34.00	40.30	...	40.30
10. राष्ट्रीय वायुमण्डलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (एन.ए.आर.एल.)	54.49	...	54.49	50.00	...	50.00	51.10	...	51.10	38.50	...	38.50
11. भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पी.आर.एल.)	177.26	...	177.26	145.00	...	145.00	180.00	...	180.00	172.00	...	172.00
जोड़-स्वायत्त निकाय	**680.10**	**...**	**680.10**	**615.00**	**...**	**615.00**	**705.10**	**...**	**705.10**	**656.80**	**...**	**656.80**
सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम												
12. न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एन.एस.आई.एल.)	...	...	...	...	10.00	10.00	...	10.00	10.00	...	...	...

(₹ करोड़)

	वास्तविक 2018-2019			बजट 2019-2020			संशोधित 2019-2020			बजट 2020-2021		
	राजस्व	पूंजी	जोड़	राजस्व	पूंजी	जोड़	राजस्व	पूंजी	जोड़	राजस्व	पूंजी	जोड़
अन्य												
13. अंतरराष्ट्रीय सहयोग	2.47	...	2.47	18.00	...	18.00	6.34	...	6.34	5.50	...	5.50
14. वास्तविक वसूलियां	-4.29	...	-4.29	...	...	...	...	...	...	...	...	...
जोड़-अन्य	**-1.82**	**...**	**-1.82**	**18.00**	**...**	**18.00**	**6.34**	**...**	**6.34**	**5.50**	**...**	**5.50**
जोड़-केंद्रीय क्षेत्र का अन्य व्यय	**678.28**	**...**	**678.28**	**633.00**	**10.00**	**643.00**	**711.44**	**10.00**	**721.44**	**662.30**	**...**	**662.30**
कुल जोड़	***5655.73***	***5532.64***	***11188.37***	***5874.72***	***6598.54***	***12473.26***	***5874.72***	***7264.54***	***13139.26***	***5704.20***	***7775.27***	***13479.47***
ख. विकास शीर्ष												
आर्थिक सेवाएं												
1. अंतरिक्ष अनुसंधान	5602.77	...	5602.77	5839.72	...	5839.72	5821.72	...	5821.72	5668.03	...	5668.03
2. सचिवालय- आर्थिक सेवाएं	52.96	...	52.96	35.00	...	35.00	53.00	...	53.00	36.17	...	36.17
3. अंतरिक्ष अनुसंधान पर पूंजी परिव्यय	...	5532.64	5532.64	...	6598.54	6598.54	...	7264.54	7264.54	...	7775.27	7775.27
जोड़-आर्थिक सेवाएं	**5655.73**	**5532.64**	**11188.37**	**5874.72**	**6598.54**	**12473.26**	**5874.72**	**7264.54**	**13139.26**	**5704.20**	**7775.27**	**13479.47**
कुल जोड़	**5655.73**	**5532.64**	**11188.37**	**5874.72**	**6598.54**	**12473.26**	**5874.72**	**7264.54**	**13139.26**	**5704.20**	**7775.27**	**13479.47**

(₹ करोड़)

	बजट सहायता	आं. ब. बा. सं.	जोड़	बजट सहायता	आं. ब. बा. सं.	जोड़	बजट सहायता	आं. ब. बा. सं.	जोड़	बजट सहायता	आं. ब. बा. सं.	जोड़
ग. सार्वजनिक उद्यम में निवेश												
न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड												
1. न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड	...	...	...	10.00	...	10.00	10.00	...	10.00	...	...	...
जोड़-न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड	**...**	**...**	**...**	**10.00**	**...**	**10.00**	**10.00**	**...**	**10.00**	**...**	**...**	**...**
जोड़	**...**	**...**	**...**	**10.00**	**...**	**10.00**	**10.00**	**...**	**10.00**	**...**	**...**	**...**

1. **सचिवालय:** अंतरिक्ष विभाग के सचिवालय पर खर्च किये जाने वाले व्यय हेतु प्रावधान किया गया है।

2. **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मुख्यालय:** इसके अंतर्गत इसरो मुख्यालय के व्यय, डिजिटल कार्य प्रवाह प्रणालियां एवं अंतरिक्षयान संवर्धन का निर्माण, सम्मेलनों के लिए सहायता, संगोष्ठी , इसरो पुरस्कार योजना एवं प्रमुख कार्यों और आवासीय सुविधाओं के लिए प्रावधान शामिल किए गए हैं।

3. **अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी:** इसके अंतर्गत, विभिन्न इसरो केन्द्र जैसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र (वी.एस.एस.सी), इसरो जडत्वीय प्रणाली यूनिट (आई.आई.एस.यू.), द्रव नोदन प्रणाली केन्द्र (एल.पी.एस.सी), इसरो नोदन कॉम्प्लेक्स (आई.पी.आर.सी.), यू.आर.राव अंतरिक्ष केंद्र (यू.आर.एस.सी.), विद्युत-प्रकाशिकी प्रणाली प्रयोगशाला तंत्र (लियोस), सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र-शार (एस.डी.एस.सी-शार), इसरो दूरमिति, अनुवर्तन तथा आदेश नेटवर्क (इस्ट्रैक) मुख्य नियंत्रण सुविधा (एम.सी.एफ.) एवं मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र (एह.एस.एँफ़.सी) और विभाग द्वारा शुरू की गई विभिन्न अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी परियोजनाओं के लिए प्रावधान शामिल किया गया है जिसमें विकासात्मक एवं प्रचालनात्मक परियोजनाओं सहित प्रमोचक राकेट परियोजनाएं तथा उपग्रह परियोजनाएं शामिल हैं।

4. **अंतरिक्ष अनुप्रयोग:** इसके अंतर्गत, विभिन्न इसरो केन्द्र जैसे अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (सैक), विकास तथा शैक्षिक संचार यूनिट (डेकू), राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र (एन.आर.एस.सी.) एवं भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (आई.आई.आर.एस.) और विभाग द्वारा शुरू की गई विभिन्न अंतरिक्ष उपयोग परियोजनाओं के लिए प्रावधान शामिल किया गया है जिसमें राष्ट्रीय प्राकृतिक संसाधन प्रबंध प्रणाली (एन.एन.आर.एम.एस.), भू प्रेक्षण अनुप्रयोग मिशन (ई.ओ.ए.एम.) तथा आपदा प्रबंधन सहायता (डी.एम.एस.) शामिल हैं।

5. **अंतरिक्ष विज्ञान:** इसके अंतर्गत, इसरो द्वारा किए गए अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रमों के व्यय के लिए प्रावधान शामिल किया गया है जिसमें प्रायोजित अनुसंधान (रिस्पॉण्ड), संवेदक नीतभार विकास/ ग्रहीय विज्ञान कार्यक्रम, जलवायु एवं पर्यावरण कार्यक्रम, वायुमंडलीय अध्ययन और खगोलविज्ञान हेतु लघु उपग्रह, अंतरिक्ष विज्ञान प्रचार, आदित्यड-1, भारतीय चंद्र मिशन (चंद्रयान-। एवं ।।), एक्स-किरण ध्रुवणमापी उपग्रह (एक्सचपोसैट), अंतरिक्ष डॉकिंग परीक्षण मिशन, मंगल आर्बिटर मिशन-।। एवं शुक्र मिशन शामिल हैं।

6. **इन्सैट उपग्रह प्रणालियां:** इसके अंतर्गत, प्रमोचन सेवा संविदाओं पर व्यय और प्रेषानुकरों को पट्टे पर लेने के व्यगय के साथ विभिन्न इन्सैट/जीसैट श्रेणी के उपग्रहों के व्यय के लिए प्रावधान शामिल किया गया है।

7. **भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.एस.टी.):** भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान अंतरिक्ष विभाग के तहत एक स्वायत्त संस्थान है, जिसका उद्देश्य है, उन्नत अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षण के क्षेत्र में विश्व स्तर के संस्थान का सृजन करना और अं.वि/इसरो के लिए आवश्यक उच्च गुणवत्ता वाला मानव संसाधन तैयार करना। इस संस्थान में अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा उपयोग के क्षेत्र में स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टोरल कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

8. **सेमी कण्डक्टर प्रयोगशाला (एस.सी.एल.):** एस.सी.एल., सामरिक महत्व के क्षेत्रों की सख्त गुणवत्ता वाली आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु अत्यंत बडे पैमाने पर समेकित परिपथ (वी.एल.एस.आई.) उपकरणों तथा बड़े स्तर के उत्पादों के डिजाइन बनाने, विकास करने और उनके निर्माण कार्य में लगा है।

9. **उत्तर-पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (एन.ई.-सैक):** उत्तर-पूर्वी परिषद् के साथ संयुक्त रूप से स्थापित एन.ई.-सैक एक स्वायत्त सोसाइटी है और यह सुदूर संवेदन और उपग्रह संचार के अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी निवेशों का उपयोग करते हुए प्राकृतिक संसाधनों की उपयोगिता और मानीटरन, अवसंरचना की विकासात्मक योजना बनाने तथा अन्योन्यक्रियाशील प्रशिक्षण पर सूचना प्रदान करते हुए उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों की सहायता करता है।

10. **राष्ट्रीय वायुमण्डलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (एन.ए.आर.एल.):** एन.ए.आर.एल., जो एक पंजीकृत सोसाइटी है, वायुमण्डलीय और अंतरिक्ष विज्ञान तथा संबंधित विषयों में उन्नत अनुसंधान आयोजित करने हेतु जिम्मेदार है।

11. **भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पी.आर.एल.):** सहायता अनुदान द्वारा अंतरिक्ष विभाग से निधि प्राप्त पी.आर.एल. देश में परीक्षणात्मक व सैद्धांतिक भौतिकी एवं भू-विज्ञान के क्षेत्रों में आधारभूत अनुसंधान आयोजित करने वाले अनुसंधान संस्थानों में से एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान है। पीआरएल, उदयपुर सौर वेधशाला के प्रशासन के लिए भी जिम्मेदार है।

12. **न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एन.एस.आई.एल.):** न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एन.एस.आई.एल.) की स्थापना अंतरिक्ष विभाग/भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा किए जा रहे अनंसुधान एवं विकास कार्यों के लाभों का उपयोग करने हेतु की गई है । यह कंपनी प्रमोचक राकेटों के उत्पादन, प्रौद्योगिकियों का अंतरण और अंतरिक्ष उत्पादों के विपणन सहित विविध अंतरिक्ष उत्पादों के वाणिज्यीकरण को और बढ़ाएगी ।

13. **अंतरराष्ट्रीय सहयोग:** इसके अंतर्गत, अंतरराष्ट्रीय सहयोग तथा एशिया एवं प्रशांत सागर में अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षण केंद्र (सी.एस.एस.टी.ई.-ए.पी.) के व्यय हेतु प्रावधान शामिल किया गया है।